षोडश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-14 | सोमवार, दिनांक- 20 मार्च, 2017 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.10 बजे अप० तक ।

[1] **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 33 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-2073 ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरित ।

(iii) 05 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(iv) 80 तारांकित प्रश्न अनागत ।

प्रश्न संख्या-2046 के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन से कहा गया कि आरोपों से संबंधित कागजात माननीय मंत्री को उपलब्ध करा देंगे, जिसके आलोक में सरकार द्वारा संज्ञान लिया जाएगा, साथ ही अपने-अपने स्थान पर बैठने का अनुरोध विपक्ष के माननीय सदस्यों से किया गया, जिसपर विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपने-अपने स्थान पर वापस आ गए ।

[2] **कार्य स्थगन :-**

माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी, श्री मिथिलेश तिवारी, श्री विद्या सागर केशरी, श्री विजय कुमार खेमका, श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव, श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह, श्री राणा रणधीर एवं श्री विजय कुमार सिन्हा से प्राप्त कार्य स्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री अमित कुमार
(ii) श्री विनोद प्रसाद यादव
(iii) श्री मो० नेमतुल्लाह
(iv) श्री समीर कुमार महासेठ
(v) श्री मो० नवाज आलम
(vi) श्री मुन्द्रिका सिंह यादव
(vii) श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव
(viii) श्री रामदेव राय

(ix) श्री सत्यदेव राम (x) श्री बिरेन्द्र कुमार सिन्हा

(xi) श्री अचमित ऋषिदेव (xii) श्री वशिष्ठ सिंह

[4] **ध्यानाकर्षण सूचना :-**

(i) माननीय सदस्य, श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव एवं अन्य सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, संसदीय कार्य, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसका उत्तर दिनांक 21.03.2017 (मंगलवार) को देने की बात कही गयी ।

(ii) माननीय सदस्य, अशोक कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का समाज कल्याण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपृष्ठ हुआ ।

[5] **याचिकाओं का उपस्थापन :-**

सभा सचिव द्वारा कुल 73 याचिकाओं को सदन में उपस्थापित किया गया ।

इस दौरान अपनी माँग को लेकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा अनुरोध करने के बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अप० से 05.02 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[6] **वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2017-2018 के वार्षिक वित्तीय विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-08 (परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग)] पर वाद-विवाद तथा मतदान**

परिवहन विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री, श्री चन्द्रिका राय द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । माननीय सदस्य, श्री अरूण कुमार सिन्हा द्वारा अनुदान की माँग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । अनुदान की माँग एवं कटौती प्रस्ताव पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री राजेंद्र कुमार

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री (डा०) अशोक कुमार ने आसन ग्रहण किया ।)

(ii) श्री रत्नेश सादा (iii) श्री सी०एन० गुप्ता

(iv) श्री राजेश कुमार (v) श्री जयवर्धन यादव उर्फ बच्चा यादव

(vi) श्री लक्ष्मेश्वर राय (vii) श्री बिनोद कुमार सिंह

(viii) श्री अमित कुमार (ix) श्री राम विलाश पासवान

(x) श्री विजय कुमार सिन्हा (xi) श्री ललन पासवान

(xii) श्रीमती बेबी कुमारी (xiii) श्री राजू तिवारी

(xiv) श्री सत्यदेव राम

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(xv) श्री विजय कुमार खेमका (xvi) श्री मो० नेमतुल्लाह

तत्पश्चात् सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री, परिवहन विभाग, श्री चन्द्रिका राय द्वारा विस्तारपूर्वक दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य श्री अरूण कुमार सिन्हा का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा परिवहन विभाग के संबंध में अनुदान की माँग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[7] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल-45 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-21 मार्च, 2017 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-20.03.2017

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।